जनपद- हाथरस 🚖

♦□ प्रेस नोट सं0-06 ♦□

◈ दिनांक- 02.01.2025◈

!!□ थाना हाथरस गेट पुलिस द्वारा थाना हाथरस गेट क्षेत्र के वाटरवर्क्स में हत्या के प्रयास की घटित घटना के मुकदमे से सम्बन्धित 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार □!!

अवगत कराना है कि दिनाँक 01.01.2025 धीरेन्द्र पुत्र किशोरीलाल निवासी नगला निवासी वर्मा कॉलोनी ढकपुरा थाना हाथरस गेट जनपद हाथरस द्वारा थाना हाथरस गेट पर सूचना दी गयी कि दिनाँक 01.01.2025 को समय करीब 18.15 बजे शाम को वह और उसका भाई दिनेश पुत्र किशोरी लाल निवासी वर्मा कॉलोनी ढकपुरा थाना हाथरस गेट जनपद हाथरस बाजार की तरफ से आ रहे थे। तभी खोखा मे बैठा लाला पुत्र दुलीचन्द्र निवासी कुशवाह नगर थाना हाथरस गेट से कहा सुनी हो गयी। इसी बात को लेकर सत्यवीर उर्फ सत्ता अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर गोली मार दी है। दिनेश के कूल्हे में गोली लगने के कारण वह घायल हो गया है। जिसके सम्बन्ध में वादी की प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना हाथरस गेट पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक श्री चिरंजीव नाथ सिन्हा हाथरस द्वारा उक्त घटना को गंम्भीरता से लेते हुए प्रभारी निरीक्षक थाना हाथरस गेट को अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। जिसके क्रम में थाना हाथरस गेट पुलिस द्वारा मुखबिर की सटीक सूचना पर कार्यवाही करते हुए हत्या के प्रयास से सम्बन्धित 01 अभियुक्त सत्यवीर उर्फ सत्ता को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना हाथरस गेट पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

अभियुक्त सत्यवीर उर्फ सत्ता एक शातिर किस्म का अपराधी है जो पूर्व मे भी जेल जा चुका है जिसके विरुद्ध डकैती, आर्म्स एक्ट, हत्या का प्रयास जैसी संगीन धाराओं मे अभियोग पंजीकृत है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त-

सत्यवीर उर्फ सत्ता पुत्र गोविन्दराम निवासी ढकपुरा थाना हाथरस गेट जनपद हाथरस

पंजीकृत अभियोग-

मु0अ0स0 03/2025 धारा 190,191(2),191(3) ,109(1),351(2) बीएनएस थाना हाथरस गेट जनपद हाथरस।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त उपरोक्त-

1.मु0अ0सं0 233/2021 धारा 395/412 भादवि थाना हाथरस गेट जनपद हाथरस।

2.मु0अ0सं0 242/2021 धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना हाथरस गेट जनपद हाथरस।

3.मु0अ0सं0 420/2021 धारा 307 भादवि थाना हाथरस गेट जनपद हाथरस।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम के नाम-

प्रभारी निरीक्षक शिवकुमार शर्मा मय टीम हाथरस गेट जनपद हाथरस।

MEDIA CELL HATHRAS